ई-तकनीकी बुलेटिन-1

# बागवानी फसलों के संदर्भ में पौधों की किस्मों का संरक्षण और किसानों का अधिकार अधिनियम

डॉ. बालू राम चौधरी, डॉ. डी. के. सरोलिया, डॉ. रामकेश मीणा, डॉ. हनुमान राम,
डॉ. ए. के. सिंह, डॉ. डी. एस. मिश्रा एवं डॉ. जगदीश राणे

भा.कृ.अनु.प.-केन्द्रीय शुष्क बागवानी संस्थान
बीछवाल, बीकानेर (राजस्थान) - 334 006

संदर्भ : बागवानी फसलों के संदर्भ में पौधों की किस्मों का संरक्षण और किसानों का अधिकार अधिनियम (2023)
ई-तकनीकी बुलेटिन-1

प्रकाशक : निदेशक
भा.कृ.अनु.प.-केन्द्रीय शुष्क बागवानी संस्थान
बीछवाल, बीकानेर (राजस्थान) - 334 006
दूरभाष: 0151-2250147, 2250960
फैक्स: 0151-2250145
ई-मेल: ciah@nic.in
वेबसाइट: ciah.icar.gov.in

लेखक : डॉ. बालू राम चौधरी, प्रधान वैज्ञानिक
डॉ. डी. के. सरोलिया, प्रधान वैज्ञानिक
डॉ. रामकेश मीणा, वरिष्ठ वैज्ञानिक
डॉ. हनुमान राम, वैज्ञानिक
डॉ. ए.के. सिंह, प्रधान वैज्ञानिक
डॉ. डी.एस. मिश्रा, प्रधान वैज्ञानिक
डॉ. जगदीश राणे, निदेशक

भाषा विन्यास : श्री प्रेम प्रकाश पारीक, सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी

छायाचित्रण : श्री संजय पाटिल, सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी

अभिकल्पन : श्री भोज राज खत्री, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी

**डॉ. त्रिलोचन महापात्र**
अध्यक्ष

पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण
(संसद के एक अधिनियम द्वारा स्थापित एक वैधानिक निकाय)
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार

## संदेश

भारत, विश्व पटल पर बागवानी फसलों का एक प्रमुख उत्पादक देश है। हमारे देश की जलवायुविक विविधता व अलग-अलग मौसम प्रकृति प्रदत्त ऐसा अनमोल उपहार है जो कि विभिन्न प्रकार की बागवानी फसलों की खेती के लिए अनुकूल है। देश में बागवानी फसलों का उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने के लिए उत्कृष्ट किस्मों का विकास एक वरदान साबित हुआ है। यह बागवानी फसलों के प्रजनकों को और अधिक उत्पादन देने वाली किस्मों के प्रजनन के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। नई उत्कृष्ट किस्मों के विकास से उत्पादक लाभान्वित होते हैं तथा साथ ही पादप जैव-विविधता का संरक्षण भी होता है। देश के विभिन्न भागों में पादप जैव-विविधता के संरक्षण में हमारे किसान भाइयों का भी अहम योगदान है।

अत: आज के इस बदलते युग में प्रजनकों एवं कृषकों के अधिकारों का संरक्षण करना बहुत आवश्यक है। इन तथ्यों को ध्यान में रखते हुए 2001 में भारत सरकार द्वारा 'पौधा किस्म और कृषक अधिकार सरंक्षण अधिनियम' लागू किया तथा भारत सरकार द्वारा इस अधिनियम की धारा (3) की उपधारा (1) में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए 11 नवम्बर, 2005 को 'पौधा किस्म और कृषक अधिकार सरंक्षण प्राधिकरण' की स्थापना की गई। देश में यह प्राधिकरण कृषि विकास में तेजी लाने के लिए नई किस्मों के विकास हेतु पादप आनुवंशिक संसाधनों के सरंक्षण, कृषकों के अधिकारों की पहचान और उनकी रक्षा करना, पादप प्रजनकों के अधिकारों की रक्षा करना, कृषकों को अच्छी गुणवतायुक्त बीज उपलब्ध कराने के लिए बीज उद्योग की वृद्धि को सुगम बनाना इत्यादि कार्यों को सम्पन्न कराने के लिए अनवरत प्रयत्नशील है।

लेखकों ने इस ई-पुस्तिका 'बागवानी फसलों के संदर्भ में पौधों की किस्मों का संरक्षण और किसानों का अधिकार अधिनियम' में प्राधिकरण द्वारा प्रदत्त प्रजनकों एवं कृषकों के अधिकारों के संरक्षण का विस्तार से विवरण किया है जो प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से बागवानी से जुड़े हुए किसानों, शोधकर्ताओं, प्रसारकर्ताओं व विद्यार्थियों के लिए उपयोगी सिद्ध होगी।

मुझे प्रसन्नता है कि भा.कृ.अनु.प.-केन्द्रीय शुष्क बागवानी संस्थान, बीकानेर (राजस्थान) तथा इसके क्षेत्रीय परिसर, केन्द्रीय बागवानी परीक्षण केंद्र, गोधरा (गुजरात) में प्राधिकरण द्वारा वित्तपोषित डी.यू.एस. के कुल नौ बागवानी फसलों के केंद्र (बेर, खजूर, तरबूज, खरबूजा, जामुन, आंवला, बेल, चिरोंजी और इमली) कार्यरत हैं, जिनके परिणामस्वरूप, पादप प्रजनकों एवं कृषकों के अधिकारों की सुरक्षा का कार्य सुचारु ढंग से किया जा रहा है।

मैं संस्थान को इस कार्य हेतु शुभकामनाएँ प्रेषित करता हूँ।

त्रि. महापात्र

दिनांक: 23 जून, 2023

त्रिलोचन महापात्र

# विषय-सूची


| क्र. सं. | विवरण | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1 | पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण: परिचय एवं उद्देश्य | 1-5 |
| 2 | बागवानी के परिप्रेक्ष्य में बौद्धिक सम्पदा अधिकार का महत्व | 6-11 |
| 3 | भारतीय बौद्धिक सम्पदा अधिकार के परिप्रेक्ष्य में पौधा किस्मों से सम्बंधित कानून | 12-17 |
| 4 | कृषक अधिकार तथा डी.यू.एस. परीक्षण | 18-21 |
| 5 | बागवानी फसल किस्मों का डी.यू.एस. परीक्षण हेतु समूहीकरण | 22-31 |
| 6 | कृषक किस्मों की पंजीयन प्रक्रिया | 32-37 |
| 7 | पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण द्वारा प्रदत्त पुरस्कार | 38-50 |

# 1. पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण: परिचय एवं उद्देश्य

पौधों की किस्मों, कृषकों तथा पादप प्रजनकों के अधिकारों की सुरक्षा तथा पौधों की नई किस्मों के विकास के लिए एक प्रभावी प्रणाली की स्थापना हेतु यह आवश्यक समझा गया कि पौधों की नई किस्मों के विकास के लिए पादप आनुवंशिक संसाधनों के सरंक्षण, उनमें सुधार तथा उन्हें उपलब्ध कराने में किसी भी समय किसानों द्वारा किए गए उनके योगदान को मान्यता प्रदान की जाए तथा उनके अधिकारों को सुरक्षित रखा जाए। इस दृष्टि से भारत सरकार ने 'पौधा किस्म और कृषक अधिकार सरंक्षण (पीपीवी और एफआर) अधिनियम, 2001' को स्व-निर्मित (sui generic) प्रणाली अपनाते हुए लागू किया। भारतीय विधान न केवल पौधों की नई किस्मों के सरंक्षण के लिए अंतराष्ट्रीय यूनियन (उपाव), 1978 की पुष्टि के अनुसार है, वरन इसमें सार्वजनिक क्षेत्र के प्रजनन संस्थाओं तथा किसानों के हितों की रक्षा के लिए भी पर्याप्त प्रावधान किए गए हैं। यह विधान पादप प्रजनक संबंधी क्रियाकलापों में वाणिज्यिक पादप प्रजनकों तथा किसानों, दोनों के योगदानों को मान्यता प्रदान करता है तथा निजी, सार्वजनिक क्षेत्रों तथा अनुसंधान संस्थाओं के साथ-साथ कम संसाधन वाले किसानों सहित सभी हितधारकों के विशिष्ट सामाजिक-आर्थिक हितों को सहायता पहुँचाते हुए TRIPS 'ट्रिप्स' (Trade-Related Aspects of Intellectual Property Rights; बौद्धिक सम्पत्ति अधिकार के व्यापार संबंधी पहलू) के कार्यान्वयन का प्रावधान भी करता है। अधिनियम के प्रावधानों को लागू करने के लिए कृषि एवं सहकारिता विभाग, कृषि मंत्रालय ने 11 नवम्बर 2005 को "पौधा किस्म और कृषक अधिकार सरंक्षण प्राधिकरण" की स्थापना की। इस प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक इसके अध्यक्ष होते हैं। अध्यक्ष के अतिरिक्त प्राधिकरण के 15 सदस्य होते हैं जिनमें 8 पदेन सदस्य हैं जो विभिन्न विभागों/ मंत्रालयों का प्रतिनिधित्व करते हैं, 3 सदस्य राज्य कृषि विश्वविद्यालयों तथा राज्य सरकारों से, किसानों, आदिवासी संगठनों, बीज उद्योग तथा कृषि कलापों से संबंधित महिला संगठन प्रत्येक से एक-एक प्रतिनिधि केंद्र सरकार द्वारा नामित किया जाता है। महापंजीकार प्राधिकरण का पदेन सदस्य-सचिव होता है।

प्रस्तुत अध्याय में पौधा किस्म और कृषक अधिकार सरंक्षण अधिनियम से संबन्धित प्रमुख एवं आवश्यक जानकारियाँ दी गई हैं, जो कि निम्नवत हैं;

**पौधा किस्म और कृषक अधिकार सरंक्षण अधिनियम, 2001 के प्रमुख उद्देश्य**

कृषकों को उनके कृषि कार्य एवं अनुभवों के आधार पर पौधा किस्म और कृषक अधिकार सरंक्षण अधिनियम, 2001 में उनके अधिकारों का सरंक्षण किया गया है, जिसका अधिनियम की अनेक धाराओं में उल्लेख है। इस अधिनियम के प्रमुख उद्देश्य निम्नलिखित हैं:

1. पौधा किस्मों, कृषकों और प्रजनकों के अधिकार की सुरक्षा और पौधों की नई किस्मों के विकास को बढ़ावा देने के लिए एक प्रभावी प्रणाली की स्थापना।
2. नई पौधा किस्मों के विकास के लिए पादप आनुवंशिक संसाधन उपलब्ध कराने तथा किसी भी समय उसके सरंक्षण व सुधार में किसानों द्वारा दिए गए योगदान के संदर्भ में किसानों के अधिकारों को मान्यता देना व उन्हें सुरक्षा प्रदान करना।

3. देश में कृषि विकास में तेजी लाना, पादप प्रजनकों के अधिकारों की सुरक्षा करना; नई पौधा किस्मों के विकास के लिए सार्वजनिक और निजी क्षेत्र, दोनों में अनुसंधान एवं विकास के लिए निवेश को प्रोत्साहित करना।
4. देश में बीज उद्योग की प्रगति को सुगम बनाना जिससे किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीजों तथा रोपण सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित हो।

**प्राधिकरण के सामान्य कार्य**

- नई पौधा किस्मों, अनिवार्य रूप से व्युत्पन्न किस्मों और विद्यमान किस्मों का पंजीकरण।
- नई पादप प्रजातियों के लिए डी.यू.एस. (विशिष्टता, एकरूपता और स्थायित्व) परीक्षण दिशानिर्देशों का विकास।
- पंजीकृत किस्मों के गुणों का विकास व उनका प्रलेखन।
- पौधों की सभी किस्मों के लिए अनिवार्य सूची-पत्रीकरण (कैटालॉगिंग) की सुविधा।
- कृषकों की किस्मों का प्रलेखन, सूचीकरण तथा उनका सूची-पत्रीकरण।
- उन कृषकों, कृषक समुदायों, विशेषकर जनजातीय और ग्रामीण समुदाय को मान्यता प्रदान करना और पुरस्कृत करना जो विशेष रूप से पहचाने गए कृषि जैव-विविधता वाले हॉट-स्पॉट में आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण पौधों व उनके वन्य संबंधियों से जुड़े पादप आनुवंशिक संसाधनों के सरंक्षण, सुधार और परिरक्षण के कार्य में संलग्न है।
- पौधा किस्मों के राष्ट्रीय रजिस्टर तथा राष्ट्रीय जीन बैंक का रखरखाव।

**कृषक की परिभाषा**

अधिनियम की धारा 2 (के) के अनुसार वह व्यक्ति कृषक कहलाता है जो-

1. स्वयं खेत जोतकर फसलें उगाता है; या
2. प्रत्यक्ष रूप से खेती पर निगरानी रखते हुए अथवा किसी अन्य व्यक्ति द्वारा खेत में फसलें उगाता है; या
3. अनेक के साथ अथवा संयुक्त रूप से किसी अन्य व्यक्ति के साथ किसी वन्य प्रजाति या परंपरागत किस्म का सरंक्षण और परिरक्षण करता है अथवा ऐसी वन्य प्रजाति या परंपरागत किस्म के उपयोगी गुणों का चयन और उनकी पहचान करके वन्य प्रजातियों का मूल्य प्रवर्धन करता है।

**कृषक किस्म**

अधिनियम की धारा 2 (एल) के तहत कोई भी वह किस्म जो-

1. कृषकों द्वारा अपने खेत में परंपरागत रूप से उगाई व विकसित की गयी हो; या
2. ऐसी वन्य संबंधी या भू-प्रजाति या किस्म जिसके बारे में कृषकों को सामान्य ज्ञान हो।

**कृषकों के अधिकार**

अधिनियम की धारा 39 के अंतर्गत कृषकों को निम्नलिखित अधिकार दिये गए हैं:

1. इस अधिनियम के अंतार्गत वह कृषक जिसने नई किस्म का प्रजनन अथवा विकास किया है, को पंजीकरण व अन्य सुरक्षा का वैसे ही अधिकार प्राप्त है जैसे कि एक किस्म के प्रजनक को अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त है।
2. कृषक किस्म को विद्यमान किस्म के रूप में भी पंजीकृत किया जा सकता है यदि किस्म आवेदन पत्र कि धारा 18 उपधारा 1 (एच) के अनुसार घोषणा की गई हो तथा उक्त धारा में उल्लेखित शर्तों को पूरा करती हो।
3. कृषक, जो भू-प्रजाति एवं आर्थिक वन्य-संबंधित महत्व के पौधों के आनुवंशिक संसाधन के सरंक्षण, चयन, परिरक्षण एवं सुधार कार्य में लगे हैं, नियमानुसार निर्धारित तरीके से जीन निधि से पुरस्कार एवं मान्यता के हकदार है बशर्ते कि चयनित एवं संरक्षित सामग्री का उपयोग इस अधिनियम के अंतर्गत पंजीकरण योग्य किस्मों में दाता जीन के रूप में प्रयोग किया गया हो।
4. कृषक को इस अधिनियम के अंतर्गत सुरक्षित किस्म के बीज के साथ-साथ प्रक्षेत्र की उपज व किस्म का बीज बचाने, उपयोग करने, बोने, पुनः बोने, आदान-प्रदान (विनिमय) करने, भागीदारी (हिस्सेदारी) अथवा विक्रय करने का अधिकार है जैसा कि उसे अधिनियम लागू होने से पहले था तथा कृषक को अधिनियम के अंतर्गत सुरक्षित किस्म के ब्राण्डेड* बीज के विपणन/ बिक्री करने की अनुमति नहीं है।
5. अधिनियम, 2001 की धारा 39 (2) के अंतर्गत किसी किस्म के निष्पादन न देने पर किसानों को क्षतिपूर्ति प्रदान करने का प्रावधान भी है।
6. किसानों को प्राधिकरण अथवा पंजीकार अथवा न्यायाधिकरण अथवा उच्च न्यायालय में कोई भी मुक़दमा दाखिल करने के लिए इस अधिनियम के तहत कोई शुल्क अदा नहीं करना होगा।

उपरोक्त अधिकारों के बारे में ज्यादा जानकारी 'अध्याय 4' में दिया गया है।

---

*उपधारा (iv) के अनुसार ब्राण्डेड बीज का अर्थ उस बीज से है जो किसी पैकेट अथवा किसी अन्य पात्र में रखा और लेबल लगाया गया हो जिससे स्पष्ट होता है कि किस्म का बीज, इस अधिनियम के अंतर्गत सुरक्षित किया गया है। केवल रोक यह है कि कृषक को इस अधिनियम के अन्तर्गत सुरक्षित किस्म को ब्राण्डयुक्त करके बेचने का अधिकार नहीं है। अतेव कृषक एवं प्रजनक दोनों के अधिकार सुरक्षित हैं।

**सुरक्षा हेतु पात्र होने के लिए वांछित अनिवार्यताएं**

**नवीनता:** यदि सरंक्षण के लिए आवेदन दर्ज़ करने की तारीख को ऐसी किस्म का प्रजनन या कटाई सामग्री, उसके प्रजनक के द्वारा या उसकी स्वीकृति से या ऐसे किस्म के दोहन के प्रयोजनों से उसके उत्तराधिकारी की स्वीकृति से न बेची गयी हो या अन्यथा दे दी गई हो- (i) भारत में एक वर्ष से पहले, या (ii) भारत के बाहर पेड़ या लता के मामले में छः वर्ष से पहले या किसी अन्य मामले में चार वर्ष पहले हो। यह शर्त विद्यमान और कृषक किस्मों के लिए अनिवार्य नहीं है।

**विशिष्टता:** भारत में तथा देश से बाहर सामान्य ज्ञान की किस्मों से कम से कम एक अन्य अनिवार्य गुण में स्पष्ट रूप से विशिष्ट होनी चाहिए। अनिवार्य गुण वंशानुगत गुण है जो एक या इससे अधिक जीनों द्वारा निर्धारित होता है अथवा अन्य वंशानुगत गुण जो पौधा किस्म के विशिष्ट गुणों, निष्पादन अथवा मूल्य में उल्लेखनीय भूमिका निभाते हों।

**एकरूपता:** एकरूपता एक विविधता है जो प्रवर्धन के विशिष्ट गुणों में से अपेक्षित होती है तथा इसके अनिवार्य गुणों की समरूपता पर्याप्त रूप से अभिव्यक्त करती है।

**स्थायित्व:** स्थायित्व वह स्थिति है जब किसी किस्म के सभी अनिवार्य गुण उसके बार-बार प्रवर्धन अथवा प्रवर्धन के विशिष्ट चक्र के पश्चात भी अपरिवर्तित रहतें हैं।

**सुरक्षा की अवधि**

अधिनियम की धारा 23 के अंतर्गत जारी किया गया पंजीकरण वृक्षों और लताओं के मामले में 9 वर्ष तक तथा अन्य फसलों के मामले मे यह 6 वर्ष तक वैध रहेगा। निर्धारित शुल्क की अदायगी पर शेष अवधि के लिए इनकी समीक्षा की जा सकती है या इनका नवीनीकरण किया जा सकता है। यह समय पंजीकरण की तिथि से अधिक से अधिक 18 वर्ष (वृक्षों और लताओं के मामले में) तथा 15 वर्ष (किस्म के मामले में) हो सकता है।

**पंजीकरण**

कोई भी किस्म यदि विशिष्टता, एकरूपता व स्थायित्व (डी.यू.एस.) के मानदंडों को अनिवार्य रूप से पूरा करती है तो उसे अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत किए जाने की पात्रता प्राप्त है। केन्द्र सरकार किस्मों के पंजीकरण के उद्देश्य से गणों तथा प्रजातियों को विशिष्टीकृत करते हुए शासकीय राजपत्र में अधिसूचना जारी करती है। विभिन्न फसलों में प्राधिकरण ने व्यक्तिगत फसल प्रजातियों के लिए प्रजाति विशिष्ट विशिष्टता, एकरूपता तथा स्थायित्व परीक्षण के लिए दिशानिर्देश या 'विशिष्ट दिशानिर्देश' विकसित किए हैं। जिन फसलों में डी.यू.एस. दिशा निर्देश विकसित हो गए हैं उन फसलों की किस्मों का पंजीकरण करवाया जा सकता है।

**पंजीकरण के लिए शुल्क:** पौधा किस्मों के पंजीकरण हेतु आवेदन के साथ प्राधिकरण को निर्धारित पंजीकरण शुल्क दिया जाना चाहिए लेकिन प्राधिकरण ने कृषक किस्मों को पंजीकरण शुल्क से मुक्त रखा है।

**राष्ट्रीय जीन बैंक**

प्राधिकरण ने पंजीकृत किस्मों के प्रजनकों द्वारा प्रस्तुत पैतृक वंशक्रमों सहित बीज सामग्री को स्थापित करने के लिए राष्ट्रीय जीन बैंक स्थापित किया है। इस बैंक में पंजीकरण की पूरी अवधि के लिए 5 डिग्री सेल्सियस के निम्न तापमान की स्थिति के अन्तर्गत बीजों को भंडारित किया जाता है और

यदि राष्ट्रीय जीन बैंक में भंडारित करने के कुछ वर्षों बाद आवश्यक हो तो इस बीज को पुनरोद्दारित या पुनर्सबलीकृत किया जाता है जिसकी लागत आवेदक को वहन करनी होती है। राष्ट्रीय जीन बैंक में भंडारित बीज का उपयोग अनिवार्य लाइसेंसिंग के प्रावधानों को लागू करने हेतु जब कभी भी आवश्यकता पड़े या विवाद उठे, तब किया जाता है। राष्ट्रीय जीन बैंक में इस प्रकार बीज के जमा होने से बाज़ार में धोखाधड़ी से छुटकारा मिलेगा  तथा अधिकारों का उल्लंघन नहीं होगा क्योंकि बैंक के पास जमा बीज को तथ्यों के सत्यापन के लिए बाहर निकाला जा सकता है। जब स्वीकृत किए गए पंजीकरण की अवधि समाप्त हो जाती है तो सामग्री स्वतः ही जन-सामान्य की हो जाती है।

**राष्ट्रीय जीन निधि**

प्राधिकरण ने एक राष्ट्रीय जीन निधि की स्थापना की है जिसके मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित हैं:

1. कृषकों, कृषकों के समूह, विशेष रूप से जनजातीय और ग्रामीण समुदाय से, विशेष रूप से पहचाने गए कृषि जैव-विविधता के क्षेत्र (हॉट-स्पॉट) जो आर्थिक महत्व के पौधों और उनके वन्य संबन्धियों के सरंक्षण, सुधार और परिरक्षण में सलंग्न हैं, को मदद और पुरस्कार प्रदान करना।
2. स्थानीय निकाय स्तर पर बर्हि-स्थान सरंक्षण हेतु क्षमता विकास विशेष रूप से पहचाने गए कृषि जैव-विविधता के क्षेत्र (हॉट-स्पॉट) और स्व-स्थान सरंक्षण में मदद हेतु।
3. कृषक/ कृषकों के समुदाय को देय क्षतिपूर्ति और लाभ में भागीदारी के द्वारा अदा की गई कोई भी राशि।
4. जीन निधि के संचालन हेतु परिचालन व्यय।

उल्लिखित तथ्यों से पौधा किस्म और कृषक अधिकार सरंक्षण एवं इसके अंतर्गत स्थापित प्राधिकरण के द्वारा कृषकों को दिये गए अधिकारों तथा हितों के संरक्षण से संबन्धित आवश्यक जानकारी मिलती है, जिसे ध्यान में रख कर कृषक समुदाय संबन्धित प्रावधानों द्वारा अपने हितों की रक्षा कर उनका समुचित लाभ उठा सकते हैं। उपरोक्त के अतिरिक्त जानकारी प्राधिकरण की शासकीय वेबसाइट http://plantauthority.gov.in/ पर प्राप्त की जा सकती है।

## 2. बागवानी के परिप्रेक्ष्य में बौद्दिक सम्पदा अधिकार का महत्व

भारत में, बागवानी कृषि की सबसे विशिष्ट उप-क्षेत्रों में से एक है। इस क्षेत्र की भूमिका कृषि विविधीकरण और कृषि क्षेत्र में 4 प्रतिशत के विकास दर लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण है। बागवानी में बौद्दिक सम्पदा संरक्षण पेटेंट, ट्रेडमार्क, भौगोलिक संकेत, कॉपीराइट, संयंत्र विविधता संरक्षण, और व्यापार के रूप में हो सकता है। बौद्धिक सम्पदा अधिकार विभिन्न प्रकार के सुरक्षाएँ उपलब्ध करता है जिनमे किस्मों, फसल के नाम, जीन, प्रजनन प्रक्रियाओं, और इस तरह के संयंत्र पेटेंट, उपयोगिता पेटेंट, संयंत्र प्रजनकों अधिकार, ट्रेडमार्क, और अन्य कानूनी पदनाम के रूप में संरक्षण सहित कई अन्य आविष्कार भी शामिल है। बौद्धिक सम्पदा अधिकार द्वारा दिये गए संरक्षण से आविष्कारकर्ता की अनुमति के बिना उसके आविष्कार उपयोग कानूनी रूप से प्रतिबंधित होता है जिसके फलस्वरूप आविष्कारकर्ता रॉयल्टी द्वारा एकत्रित धन का उपयोग नए आविष्कारों को करने में कर सकता है।

राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बौद्धिक सम्पदा संबंधी नियमों में किए जाने वाले विधायी परिवर्तनों का सार्वजनिक और निजी संस्थाओं द्वारा किए जाने वाले अनुसंधान और विकास कार्यों को आगे बढ़ाने एवं बागवानी नवाचारों को गरीबों तक पहुंचाने के तरीके पर गहरा प्रभाव पड़ सकता है; अत: इन अधिकारों के बारें में जानकारी आवश्यक है।

**पादप प्रजनक अधिकार**

अंतराष्ट्रीय नवीन पादप किस्म सुरक्षा संघ अधिनियम (1991) के प्रावधानों के अंतर्गत सुरक्षा के लिए किसी पादप किस्म को निम्नलिखित शर्तें पूरा करना आवश्यक है: (i) नवीनता, (ii) विशिष्टता, (iii) समरूपता एवं स्थायित्व (डी.यू.एस. लक्षण)। इन शर्तो के बारे में विस्तृत जानकारी अगले अध्याय में दिया गया है।

**पादप प्रजनक अधिकार द्वारा सुरक्षा का दायरा**

अंतराष्ट्रीय नवीन पादप किस्म सुरक्षा संघ अधिनियम (1991) के अंतर्गत सुरक्षित किस्मों को निम्नलिखित क्षेत्रों में सुरक्षा होती है।

1. सुरक्षित किस्म के सभी भागों (उत्पादों) का वाणिज्यिक उद्देश्य से उत्पादन तथा उनका विपणन या विक्रय पादप प्रजनक अधिकार धारक का एकाधिकार होता है।
2. किसान को यह सुविधा दी जा सकती है, कि वे अपने उत्पाद के एक भाग को अपने खेतों में बुवाई के लिये बीज के रूप में उपयोग करे। ऐसा करने के लिये उसे पादप प्रजनक अधिकार धारक को कोई शुल्क नहीं देना होगा। लेकिन यह विशेषाधिकार (कृषक विशेषाधिकार) अंतराष्ट्रीय नवीन पादप किस्म सुरक्षा संघ अधिनियम (1991) में प्रदत्त नहीं है, और यह सदस्य देशों के राष्ट्रीय कानूनों पर आश्रित है।
3. किसानों का आपस में सुरक्षित किस्मों के बीजों या प्रवधयों का आदान प्रादान वर्जित है।
4. सुरक्षा की अवधि कम से कम 20 वर्ष है। कुछ सदस्य देशों में यह अवधि 30 वर्ष (फ्रांस में मक्का के अंतःप्रजातों के लिए) तक भी है।

5. सुरक्षित किस्मों को वैज्ञानिक शोध एवं प्रजनन के लिए मुक्त रूप से उपयोग किया जा सकता है, लेकिन यह छूट अनिवार्य रूप से व्युत्पन्न किस्मों के लिए नहीं है। जब किसी किस्म के एक या कुछ जीनों में परिवर्तन (उत्परिवर्तन अथवा किसी अन्य विधि द्वारा) कर नई किस्म का विकास किया जाता है, तो नई किस्म का जनक किस्म से अनिवार्य रूप से व्युत्पन्न किस्म कहा जा सकता है।

**प्रजनक छूट**

पादप प्रजनक अधिकार सुरक्षा पद्दतियों में साधारणतया प्रजनकों को यह छूट दी जाती है, कि वे किसी भी सुरक्षित किस्म (यहाँ इसे हम आरंभिक किस्म कहेंगे) का प्रजनन कार्यक्रमों में उपयोग कर सकते है, इसके लिए उन्हें आरंभिक किस्म के पादप प्रजनक अधिकार धारक को कोई भी किसी प्रकार का शुल्क देय नहीं होगा। इस प्रकार के प्रावधान को प्रजनक छूट कहते है अंतराष्ट्रीय नवीन पादप किस्म पर यह छूट लागू थी। लेकिन अंतराष्ट्रीय नवीन पादप किस्म सुरक्षा संघ (1991) में प्रजनक छूट का दायरा सीमित कर दिया गया है: आरंभिक किस्म से अनिवार्य रूप से व्युत्पन्न किस्मों को यह छूट नहीं प्राप्त है, ऐसी किस्में अब आरंभिक की पादप प्रजनक अधिकार सुरक्षा के दायरे में आती है। जब कोई किस्म मूलरूप से आरंभिक किस्म से व्युत्पन्न होती है, जिससे नई किस्म में आरंभिक किस्म के जीनप्ररूप या जीनप्ररूपों के सयोजनों की अभिव्यक्ति से उत्पन्न अभिलक्षण नई किस्म में यथावत बने रहते है, तो नई किस्म को अनिवार्य रूप से व्युत्पन्न किस्म कहा जाता है। उदाहरण के लिए, किसी किस्म में उत्परिवर्तन या प्रतीप संकरण द्वारा एक जीन का स्थानांतरण करके जो नई किस्म विकसित कि जाएगी, उसे अनिवार्य रूप से व्युत्पन्न किस्म कहा जाएगा। लेकिन संकर किस्म के जनक अंतःप्रजात/ लाइनों को भी पादप प्रजनक अधिकार सुरक्षा प्राप्त होती है। अतः उनका प्रजनन कार्यक्रमों में उपयोग नहीं किया जा सकता है।

**पादप प्रजनक अधिकार**

पादप प्रजनक अधिकार किसी फसल की किस्म के प्रजनक, उद्गमकर्ता या मालिक को सरकार द्वारा इस किस्म के संदर्भ में दिये जाते है। इन अधिकारों के दवारा सम्बंधित किस्म का प्रजनक/ मालिक/ उद्गमकर्ता/ अन्य किसी भी व्यक्ति पर उस किस्म के प्रवध्यों के उत्पादन अथवा वाणिज्यिकरण पर रोक लगा सकता है। पादप प्रजनक अधिकार से सुरक्षा की अवधि 15-20 वर्ष होती है। किसी किस्म का पादप प्रजनक अधिकार धारक किसी अन्य व्यक्ति या संस्था को उस किस्म के प्रवध्यों के उत्पादन/ विपणन हेतु अधिकार दे सकता है। किसी किस्म के पादप प्रजनक अधिकार धारक से यह उम्मीद की जाती है कि वह पादप प्रजनक अधिकार के स्थानांतरण अथवा उस किस्म के प्रवधयों के बिक्री के लिए उचित शर्त/ कीमत रखेगा। यदि वह ऐसा नहीं करता है, तो लोकहित में सरकार उस किस्म के प्रवध्यों के उत्पादन/ विपणन का लाईसेन्स किसी संस्था को दे सकती है, इसे अनिवार्य अनुज्ञप्ति कहा जाता है।

पादप प्रजनक अधिकार द्वारा पादप किस्मों की सुरक्षा होती है। लेकिन इन किस्मों के उत्पादन के लिए उपयोग में आने वाले पादप विभेदों तथा प्रजनन विधियों/ प्रक्रियाओं को सुरक्षा नहीं दी जाती है। पादप प्रजनक अधिकार पद्दतियों में किसी-न-किसी रूप में प्रजनक छूट का प्रावधान होता है।

**भारत में पादप प्रजनक अधिकार की आवश्यकता**

विकसित देशों में पादप प्रजनक अधिकार पद्दतियों के विकास के पीछे निम्नलिखित मुख्य विचार थे।

1. पादप किस्म का विकास एक नवीन सुधार या आविष्कार जैसा ही है। अतः पादप किस्मों को बौद्दिक सम्पदा माना जाना चाहिए, और उन्हें भी सुरक्षा मिलनी चाहिए।
2. आर्थिक लाभ मिलने से प्रजनकों को उत्साहवर्धन होता है।
3. इससे निजी क्षेत्र की कंपनियां भी पादप प्रजनन कार्यक्रमों में निवेश करने हेतु प्रोत्साहित होती है।

आरंभ में पादप किस्मों को पेटेंट करने का प्रस्ताव था। लेकिन यूरोप आदि क्षेत्रों में निम्नलिखित कारणों से इस विचार को कार्यरूप में परिणत नहीं किया गया।

1. औद्योगिक पेटेंट निर्जीव पदार्थों पर लागू होते है।
2. पादप किस्में पूर्ण रूप से स्थायित्वपूर्ण नहीं होते है।
3. पौधों की किस्मों/ विभेदों आदि का सही एवं संपूर्ण वर्णन असंभव है।
4. पादप किस्मों के प्रजनन की पुनरावृति करना बहुत कठिन होता है।
5. पादप किस्मों द्वारा आविष्कारिता की शर्त पूरी नहीं की जा सकती है, क्योंकि इनमें पूर्ववर्ती जीनों/ विकल्पियों के नए संयोजन ही होते है, न की कोई नया जीन होता है। पेटेंट के लिए आविष्कारिता एक आवश्यक शर्त है।

भारत में कृषि की स्थिति विकसित देशों में कृषि की स्थिति से निम्नलिखित दो प्रमुख बातों में भिन्न है।

- पादप प्रजनन मुख्य रूप से सरकारी संस्थानों द्वारा किया जाता है।
- निजी क्षेत्र का पादप प्रजनन में योगदान सीमित है, यद्दपि इसमें क्रमशः वृद्दि हो रही है।

ऐसा तर्क भी दिया गया है कि भारत देश कि स्थिति अभी पादप प्रजनक अधिकार सुरक्षा के लिए उपयुक्त नहीं है। लेकिन ये तर्क कृत्रिम है एवं मानने योग्य नहीं है। कई अन्य वैज्ञानिकों ने सुझाव दिया है कि एशियाई देशों को अपनी विशिष्ट पादप प्रजनक अधिकार पद्दति विकसित करनी चाहिए, जिसमें निम्नलिखित प्रावधान शामिल किए जाने चाहिए:

1. कृषक समुदायों के हितों कि सुरक्षा, जैसे मुक्त-परागित किस्मों जैसी अनौपचारिक किस्मों की सुरक्षा के लिए प्रावधान।
2. अनिवार्य रूप से व्युत्पन्न किस्मों की अवधारणा को असुरक्षित (पादप प्रजनक अधिकार, सुरक्षा से रहित) किस्मों पर भी लागू करना।

किसी भी दशा में, वाणिज्य सम्बंधित बौद्दिक सम्पदा अधिकार के प्रावधानों के तहत भारत के सामने केवल निम्नलिखित तीन विकल्प हैं।

1. अंतरराष्ट्रीय नवीन पादप किस्म सुरक्षा संघ 1991, को लागू करना।
2. पादप किस्मों के लिए पेटेंट लागू करना।
3. अंतराष्ट्रीय नवीन पादप किस्म सुरक्षा संघ (1991) या पेटेंट के समकक्ष सुरक्षा देने वाली अपनी स्वयं की पादप प्रजनक अधिकार पद्दति विकसित करना।

अपनी स्वयं की पादप प्रजनक अधिकार प्रणाली को ही स्व-निर्मित (sui generic) पादप प्रजनक अधिकार कहा जाता है। भारत ने स्वयं की पादप प्रजनक अधिकार पद्दति विकसित करने का फैसला किया है, इस पद्द्ति के मूलतः अंतराष्ट्रीय नवीन पादप किस्म सुरक्षा संघ 1978 पर आधारित होने की प्रत्याशा है। इस पद्दति में निम्नलिखित प्रावधानों के शामिल होने की संभावना है ।

1. कृषक अधिकार
2. शोधकर्ता द्वारा उपयोग का अधिकार
3. सुरक्षा की अवधि 15 वर्ष (वार्षिक फसलें) एवं 18 वर्ष (फल वृक्ष एवं लताएँ)
4. जीन बैंक में अनिवार्य रूप से जमा करना।
5. अनिवार्य प्रमाणीकरण।
6. अनिवार्य अनुज्ञाप्ति।
7. प्रजनक, कृषक एवं शोधकर्ता अधिकारों की सुरक्षा के लिए एक राष्ट्रीय प्राधिकरण की स्थापना।

इसके साथ ही पादप प्रजनक अधिकार कानून में निम्नलिखित प्रावधानों के शामिल करने पर गम्भीरतापूर्वक विचार किया जाना चाहिए।

1. मुक्त-परागित किस्मों जैसी अनौपचारिक किस्मों को सुरक्षा प्रदान करना।
2. अनिवार्य रूप से व्युत्पन्न किस्मों की अवधारणा को असुरक्षित किस्मों पर भी लागू करना।
3. सुरक्षा प्रदान करने के लिए किस्मों के जनकों की घोषणा अनिवार्य करना।

भारत ने वर्ष 2001 में पादप किस्म सुरक्षा एवं कृषक अधिकार अधिनियम लागू किया।

**भारत एवं वाणिज्य संबन्धित बौद्दिक सम्पदा अधिकार**

भारत वाणिज्य सम्बंधित बौद्दिक सम्पदा अधिकार के प्रावधानों को लागू करने के लिए बाध्य है। चूंकि ऐसा नहीं किया गया, अतः 1997 में संयुक्त राज्य अमेरिका ने विश्व व्यापार संगठन में भारत के विरूद्द शिकायत की। विश्व व्यापार संगठन ने निर्णय दिया कि भारत ने वाणिज्य सम्बंधित बौद्दिक सम्पदा अधिकार के निम्नलिखित प्रावधानों को लागू नहीं किया।

1. 'मेल बॉक्स' प्रावधान।
2. एकनिष्ठ विपणन अधिकार का प्रावधान।

भारत ने 1 अप्रैल 1999 से उपरोक्त प्रावधानों को लागू करने का वचन दिया है। भारत ने पेटेंट कानूनों में उपयुक्त संशोधन करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, भारतीय पेटेंट (संशोधन) बिल (1999) लोकसभा एवं राज्य सभा दोनों ही द्वारा पारित किया जा चुका है। और अब यह अधिनियम के रूप में लागू भी हो चुका है।

**भारत पेटेंट अधिनियम 2002**

वाणिज्य संबधित बौद्दिक सम्पदा अधिकार के अन्तर्गत निर्धारित बाधाओं को पार करने हेतु भारत में द्वितीय पेटेंट सुधार कानून बनाया गया जिसके अन्तर्गत भारतीय पेटेंट अधिनियम (1970) के अनुसार आविष्कार की परिभाषांतर्गत नये उत्पादन की नई प्रक्रिया जो कि आविष्कारक चरण और उद्योग में लागू हो सके, आते हैं। परंतु भाग 3 के अनुसार पौधे/ जीव-जन्तु/ पशु सम्पूर्ण रूप से या कोई भी अंग सूक्ष्म जीवों के अतिरिक्त लेकिन बीज प्रजाति तथा स्पैसीज और आवश्यक जैविक प्रक्रियाएँ जहाँ पौधों/ जीव-जन्तु/ पशुओं के उत्पादन या संवर्धन आविष्कार की श्रेणी के अन्तर्गत नहीं है। पेटेंट (द्वितीय

सुधार) अधिनियम 2002 के द्वारा 'पौधों' को पेटेंट के अन्तर्गत दी जाने वाली छूट में शामिल वस्तुओं की श्रेणी में रखकर पौधों का पेटेंटीकरण किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त पेटेंट की अवधि को पेटेंट फाइल करने की तिथि से 14 वर्ष से बढ़ाकर 20 वर्ष की अवधि के लिए किया गया।

भारत सरकार द्वारा पेटेंट (सुधार) अध्यादेश 2004 में पारित किया जिसके अन्तर्गत उत्पाद का भी पेटेंट किया जा सकता है जिसके अन्तर्गत दवाई तथा फार्मेसीटिकल्स उत्पादों के अतिरिक्त कृषि रसायन, खाद्य पदार्थ तथा जैव प्रौद्योगिकी उत्पाद सम्मिलित है।

**बौद्दिक सम्पदा अधिकार पद्द्ति एव भारतीय अनुक्रिया**

भारतीय परम्पराओं एवं संस्कृति का आधारभूत सिद्दांत है, व्यक्ति के मूल्य पर समाज का कल्याण। किन्तु आई.पी.आर. पद्द्ति इस सिद्धांत के एकदम विपरीत होती है। अत: आई.पी.आर. परिदृश्य से अधिकांश भारतीय तकनीकी, वैज्ञानिक एवं शिक्षाविद चकित रह गए हैं, और इस परिदृश्य में अपने को असहज महसूस कर रहे है। लेकिन धीरे धीरे आई.पी.आर. के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। इस जागरूकता को और तेजी से लाने के लिए निम्नलिखित प्रयास किए जाने चाहिए।

1. वैज्ञानिक एवं तकनीकी को निम्नलिखित की प्रशिक्षण दी जानी चाहिए, पेटेंटों में किए गए दावों का पढ़ना, उनकी व्याख्या करना आदि। इससे ये लोग निम्नलिखित कार्यो में सहायक हो सकेंगे।
   - विश्वस्तर के पेटेंट आवेदन तैयार करना।
   - पेटेंट आवेदेनों की प्रतीरक्षा करना।
   - पेटेंट आवेदेनों के विरोध/ पेटेंटों को निरस्त करने के आवेदन तैयार करना।
   - आई.पी.आर. के उल्लंघन की पहचान करना।
   - सुस्पष्ट एवं उपयोगी उद्देश्यों वाले अनुसंधान एवं विकास कार्यक्रम तैयार करना।
   - वाणिज्यिक घरानों से सहयोग स्थापित करना (आई.पी.आर. के वाणिज्यिक उपयोग के लिए)
   - संस्थानों में तकनीकी हस्तांतरण एवं जनसंपर्क कार्यालयों के संचालन/ प्रबंधन में योगदान।
   - आई.पी.आर. पोर्टफोलियो की प्राथमिकता-इनसे आर्थिक लाभ का मूल्यांकन करना।
2. पेटेंटों पर अंतराष्ट्रीय डेटाबेस की उपलब्धि सुनिश्चित की जानी चाहिए, जिससे सम्बन्धित लोग उनकी तकनीकी विषयवस्तु, वैधानिक स्थिति आदि जान सकें।
3. सूचना वैज्ञानिकों को ऐसे प्रशिक्षित करना, जिससे समय से तथा उचित लागत पर पेटेंटों के बारे में सम्बन्धित जानकारियां उपलब्ध करा सके।
4. अपने राष्ट्रीय संसाधनों के डेटाबेस बनाए जाने चाहिए। परम्परागत ज्ञान पर आधारित आविष्कारों के समुचित उपयोग के लिए यह अनिवार्य है।
5. पेटेंटों के वाणिज्यिकरण को बढ़ावा देने के लिए पेटेंट बाज़ार का विकास किया जाना चाहिए।
6. तकनीकी व्यक्तियों को औपचारिक पेटेंट एटॉर्नी के रूप में काम करने के लिए आवश्यक प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए।
7. आई.पी.आर. में विशेषज्ञ इकाइयों को एक दूसरे से प्रभावी संपर्क स्थापित करना चाहिए।
8. भारत में दिये जाने वाले पेटेंट आवेदेनों एवं जारी होने वाले पेटेंटों के बारे में ऑनलाइन एवं तत्कालीन जानकारी उपलब्ध होनी चाहिए।

9. अनुसंधान एवं विकास की प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की जानकारी के लिए पेटेंट सूचनाओं एवं मानव संसाधनों के डेटाबेस बनाए जाने चाहिए।
10. आई.पी.आर. पोर्टफोलियो का दक्ष एवं प्रभावशाली प्रबंधन होना चाहिए।
11. शिक्षा संस्थाओं में बौद्दिक सम्पदा अधिकारों पर पाठयक्रम शुरू किए जाने चाहिए।
12. भारतीय पेटेंट कार्यालय का आधुनिकीकरण किया जाना चाहिए। भारत सरकार इस दिशा में पहले से ही क्रियाशील है।
13. आईपीओ को देश में आई.पी.आर. एवं तकनीकी/ व्यापार के विकास में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।
14. सभी सम्बंधित संस्थाओं/ संस्थानों को अपने कार्यक्रम इस प्रकार निर्धारित करने चाहिए, जिससे आई.पी.आर. से अधिकतम लाभ अर्जित किया जा सके।
15. अनुसंधान कार्यक्रमों, काम करने की संस्कृति एवं वातावरण आदि में अधिकतम इस दृष्टि से पूरी तरह परिवर्तन किए जाएँ जिससे कि अनुसंधान एवं विकास कार्यक्रमों पर होने वाले खर्च से अधिकतम लाभ अर्जित हो सके।
16. उपरोक्त उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए प्रशासनिक, राजनैतिक, न्यायिक तथा शैक्षणिक संस्थाओं की कार्यशैली एवं कार्य संस्कृति में आमूल-चूल परिवर्तन जरूरी होंगे।

# 3. भारतीय बौद्दिक सम्पदा अधिकार के परिप्रेक्ष्य में पौधा किस्मों से सम्बंधित कानून

कालांतर में विश्व व्यापार संगठन के साथ भारत की एक सहमति हुई जिसे बौद्धिक सम्पदा अधिकार के व्यापार के सम्बंधित मुद्दों के नाम से जाना जाता है। इसके फलस्वरूप पौध प्रभेदों पर बौद्दिक सम्पदा अधिकार प्रदान करना भारत के लिए एक बाध्यता बन गयी। इसके अंतर्गत बौद्दिक सृजनों को विधि मान्य मालिकाना अधिकार प्रदान किए जाते है। ऐसा अधिकार आर्थिक लाभ के लिए सृजकों को अपने सृजनों के व्यावसायिक विस्तार के लिए दिया जाता है। यह अधिकार नियत अवधि के लिए एवं अस्थायी होता है तथा बिक्री एवं लाइसेंस के द्वारा हस्तांतरित भी किया जा सकता है। नियत अवधि की समाप्ति के बाद यह जन सम्पदा बन जाती है।

पौधो की प्रजातियों से सम्बंधित बौद्दिक सम्पदा अधिकार के द्वारा उनके प्रजनकों को विधि मान्य मालिकाना हक प्रदान किए जाते हैं, जिसे कि वे उत्पादन, प्रसंस्करण, भंडारण तथा विपणन कर सकें। इस प्रकार का मालिकाना हक इस साक्ष्य पर निरूपित किया जाता है कि सम्बंधित प्रजाति के विकास एवं संरक्षण में किसी व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह/ समुदाय का योगदान रहा है। इस अधिकार को पौधा प्रजनक अधिकार (पी.बी.आर.) के नाम से जाना जाता है। राष्ट्रीय नियमों के अनुसार यह अधिकार सिर्फ उसी देश में लागू होता है जहाँ के लिए वह बना है। इसे लाइसेंसीकृत किया जा सकता है, बेचा जा सकता है या उत्तराधिकार में भी दिया जा सकता है। किसी व्यक्ति, संस्था या समुदाय के नाम किसी पौधा प्रजाति के प्रति पौधा प्रजनक अधिकार को स्थापित करने के लिए इसका निबंधन किया जाता है।

**पौधा प्रजाति एवं कृषक अधिकार संरक्षण अधिनियम**

हमारे देश में, पौधा किस्मों का संरक्षण एवं कृषक अधिकार अधिनियम, 2001 को लागू पौधा किस्मों और पौधा उगाने वालों के अधिकार के संरक्षण के लिए प्रभावी प्रणाली कि स्थापना करने और पौधों की नई किस्मों के विकास को प्रोत्साहित करने की व्यवस्था करने के लिए किया गया है। केंद्र सरकार ने कृषि मंत्रालय में पौधों की किस्मों और कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण की स्थापना अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों को प्रवृत करने के लिए और पौधों की नई किस्मों के विकास को संवर्धित करने के उपाय एवं कृषकों और पौधा उगाने वालों के अधिकार संरक्षण करने के लिए किया है। इस जानकारी को प्राप्त कर किसान अपनी पौधा प्रजातियों को संरक्षित कर निबंधन करा सकते हैं तथा उसकी खेती, बीज प्रगुणन, वितरण एवं बिक्री पर पूरा अधिकार प्राप्त कर सकते हैं तथा इतना ही नहीं व्यावसायिक पौधा प्रजनको द्वारा किसानों की प्रजातियों के आनुवांशिकीय गुणों का व्यवहार कर अगर किसी उन्नत प्रभेद के विकास हेतु किया जाता है तो उससे प्राप्त होने वाले लाभ में भी वे अपनी हिस्सेदारी सुनिश्चित कर सकते हैं।

इस अधिनियम के अंतर्गत पौध प्रभेदों के सरंक्षण के उद्देश्य से एक राष्ट्रीय जीन (अनुवंश) कोष की स्थापना की गयी है। इस कोष के माध्यम से व्यक्तियों एवं समुदायों को पौध प्रभेदों के सरंक्षण हेतु प्रोत्साहित करने एवं लाभ में हिस्सेदारी तथा विवाद की स्थिति में सहायता दिये जाने का प्रावधान है।

**पंजीयन हेतु अधिनियम के मुख्य प्रावधान**

किसी किस्म के पंजीकरण के लिए पंजीयक के पास आवेदन निम्नलिखित के द्वारा किया जाता है:

- कोई व्यक्ति जो किस्म को उगाने वाला समझा जाता है, या
- किस्म उगाने उगाने वाले का दावा करने वाले का कोई उत्तराधिकारी, या
- कोई व्यक्ति जो किस्म को उगाने वाले का ऐसे आवेदन करने के अधिकार के संबंध में आवंटित है, या
- कोई किसान या किसानों का समूह या किसानों का समुदाय जो किस्म को उगाने वाले का दावा करता है, या
- कोई व्यक्ति जो निर्धारित तरीके से उपुर्यक्त व्यक्ति की और से आवेदन करने के लिए प्राधिकृत हो, या
- कोई विश्वविद्यालय या सार्वजनिक रूप से निधियन की जाने वाली संस्था जो किस्म उपजाने वाला होने का दावा करती है।

अधिनियम के अनुसार शब्द 'किस्म' का अर्थ है सूक्ष्म अवयव को छोड़कर एक ही वनस्पति वर्ग के निचली कोटि का पौध समूह, जिसको-

(i) दिये गए प्रकार की जाति के पौध समूह के परिणामस्वरूप व्यक्ति विशेषता के रूप में परिभाषित किया जाता है

(ii) जो कम से कम किसी एक उक्त विशेषता की अभिव्यक्ति द्वारा किसी अन्य पौध समूह से अलग पहचाना जाता है और

(iii) प्रजनन के लिए इसकी उपयुक्तता के संबंध में एक अनोखा (unique) माना जाता है। जो इस प्रकार के प्रजनन के पश्चात अपरिवर्तित रहता है, ये किस्म, वर्तमान किस्म, परिवर्तित जाति की किस्म, कृषक किस्म और अनिवार्य रूप से व्युत्पन्न किस्म ये सारे 'किस्म' शब्द में शामिल होती है।

केन्द्र सरकार ने पौधा किस्मों की रजिस्ट्री भी स्थापित की है जो प्राधिकरण के मुख्यालय में स्थित होगी। प्राधिकरण को पौधा किस्म महापंजीयक और पौधा किस्मों के पंजीकरण के प्रयोजन के अन्य पंजीयकों की नियुक्ति करने की शक्ति दी गई है।

नई किस्म का पंजीकरण इस अधिनियम के अंतर्गत तभी संभव है जब वह (डी.यू.एस.) नवीनता, विशिष्टता, समरूपता और स्थिरता के मानदंडो के अनुरूप है। जबकि वर्तमान किस्म पंजीकरण इस अधिनियम के अधीन विनिर्दिष्ट अवधि के अंदर हो सकती है यदि वह विशिष्टता, समरूपता, और स्थिरता के ऐसे मानदंडों के अनुरूप होगी जैसा की विनिमय के तहत विर्निदिष्ट है। पौध फसल की नई किस्म तब मानी जाएगी जब वह नवीनता, विशिष्टता, एकरूपता एवं स्थिरता के मानकों पर खरा उतरती हो जैसा कि 'अध्याय 1' में इंगित किया गया है।

इस अधिनियम के अंतर्गत नई किस्म का पंजीकरण कई कारणों से नहीं हो पाता है, जैसे कि यदि वह:

- ऐसी किस्म को अभिचिन्हांकित करने में सक्षम नहीं है, या

- केवल इसमें आँकड़े ही है, या
- ऐसी किस्म के उत्पादक की पहचान की ऐसी किस्म के लिए विशेषता, मूल्य पहचान के संबंध में गुमराह करने या दुविधा उत्पन्न करने वाला हो, या
- या ऐसे प्रत्येक वर्ग से भिन्न नहीं है जो इसी वनस्पति गत जाति की किस्म विर्निदिष्ट करती है, या इस अधिनियम के तहत पंजीकृत प्रजातियों से बहुत मिलती जुलती हो, या
- यह संभवत: जनता को धोखा दे सकता है ऐसी किस्म की पहचान के संबंध में जनता को दुविधा में डाल सकता है, या
- जो भारत के किसी वर्ग या तबके के नागरिकों की धार्मिक भावनाओं कों आहत पहुँचाने वाला हो, या
- जो प्रतीक ओर नाम (अनुचित उपयोग निवारण) अधिनियम 1950, में उल्लिखित किसी प्रयोजन के लिए नाम या प्रतीक के रूप में उपयोग के लिए प्रतिसिद्द हो, या
- जो पूर्ण रूप से या आंशिक रूप से भौगोलिक नाम मात्र हो।

**पंजीकरण हेतु आवेदन**

- किस्म के संबंध में होगा।
- आवेदक द्वारा ऐसी किस्म के लिए विर्निदिष्ट वर्ग का उल्लेख करेगा।
- इसके साथ आवेदक द्वारा शपथ पत्र होगा, कि इस किस्म के अंतर्गत किसी जीन या जीन क्रम नहीं है जिसमें सीमाबद्द करने वाली प्रौद्योगिकी शामिल हो।
- विनिमयन द्वारा विर्निदिष्ट स्वरूप में होना चाहिए।
- जिस स्थान से आनुवांशिक सामग्री ली गयी है भारत में उस भौगोलिक स्थान के साथ पूर्ण जनकीय लाइन का पासपोर्ट डाटा जहाँ से किस्म व्युत्पन्न की गयी है, एवं ऐसी सभी सूचनाएँ जो योगदान से सम्बंधित है, यदि कोई हो तथा कृषक, ग्राम समुदाय संस्था या संगठन का उत्पादन में, किस्म को विकसित या उत्पन्न करने में किसी प्रकार का योगदान के डाटा का उल्लेख होना चाहिए।
- जैसा कि पंजीकरण के लिए अपेक्षित है किस्म की नवीनता की विशेषता, भिन्नता, समरूपता और स्थायित्व को परिलक्षित करने वाले, किस्म की संक्षिप्त विवरण के साथ दिया जाना चाहिए।
- इसके साथ निर्धारित शुल्क भी भेजना चाहिए।
- ऐसी घोषणा सन्निहित होगी जिसमे किस्म उगाने या उत्पन्न करने या किस्म विकसित करने के लिए प्राप्त आनुवांशिक सामग्री या जनकीय सामग्री कानूनी रूप से प्राप्त की गयी है, तथा साथ ही,
- यथा निर्धारित विवरण इसके साथ होना चाहिए।

प्रत्येक आवेदक, इस अधिनियम के अंतर्गत पंजीकरण के आवेदन के साथ उस किस्म को जिसका पंजीकरण होना है, उस मात्रा में उपलब्ध कराएगा, जिससे की जनकीय सामग्री के साथ उस किस्म के बीज का मूल्यांकन हेतु परीक्षण किया जा सके ताकि यह जाना जाए की विनिमय द्वारा यथा विनिर्दिष्ट मानकों के साथ यह समरूप है। प्रत्येक उल्लेखित परीक्षण करने हेतु यथा निर्धारित शुल्क भी जमा करना होगा।

कोई भी व्यक्ति पंजीकरण शुल्क का भुगतान करके पंजीकरण के लिए आवेदन के विज्ञापन की तारीख से तीन माह के भीतर पंजीकरण में अपने विरोध के लिए पंजीयक को निर्धारित तरीके से लिखित रूप में सूचना दे सकता है। किसी भी कारण से विरोध प्रकट किया जा सकता है।

**अधिनियम में निहित कृषक अधिकार**

पौधा प्रजाति एवं कृषक अधिकार सरंक्षण अधिनियम में किसानों के निम्न प्रमुख अधिकारों की बात की गई है, जो निम्नलिखित हैं:

**बीज पर किसानों का अधिकार**

यह अधिकार किसानों द्वारा कृषक के उदभव से चला आ रहा पारम्परिक अधिकार है। इसके अंतर्गत किसानों के उस पारम्परिक अधिकार को मजबूती प्रदान की गयी है, जिससे वे अपनी फसल से प्राप्त बीज को बचा कर उसका उपयोग अगली फसल की बुवाई के लिए, दूसरे किसानों से अदला-बदली के लिए, हिस्सेदारी के लिए या बेचने के लिए कर सकते है। इस अधिकार का मूलभूत आधार है किसानों द्वारा पौधा प्रजातियों के सरंक्षण की प्रक्रिया के अन्तर्गत स्थान एवं समय के परिपेक्ष में किसी पारम्परिक या आधुनिक प्रभेद में आयी कुल आनुवांशिकी परिवर्तनशीलता। इसी आधार पर पीपीवी एवं एफआर अधिनियम के अंतर्गत निबंधित सभी प्रकार के बीजों पर किसानों को यह अधिकार प्रदान किया गया है। परंतु कुछ सुरक्षित प्रभेदों के बीजों को इसके निबंधित नाम का टैग लगाकर बेचने के अधिकार से किसानों को वंचित रखा गया है। साथ ही साथ निबंधित प्रेभेदों पर अधिकार कि रक्षा हेतु टर्मिनेटर जीन तकनीकी के व्यवहार पर भी प्रतिबंध लगाया गया है।

**पारम्परिक प्रेभेदों के निबंधन का कृषक अधिकार**

इसके अंतर्गत किसानों को उनके द्वारा सरंक्षित या विकसित पारम्परिक प्रजातियों के निबंधन का अधिकार पौधा प्रजनक अधिकार (पी.बी.आर.) के तहत दिये गए हैं। इसके माध्यम से सम्बंधित प्रभेदों के उत्पादन एवं विपणन का पूर्ण वैधानिक मालिकाना हक किसानों को रहेगा। यह अधिकार किसानों को यह सिद्द करने पर दिया जाता है कि सम्बंधित प्रभेद के प्रजनन में उनका योगदान रहा है इस प्रकार के निबंधन में लिंग समानता के आधार पर महिलाओं के नाम को भी सम्मिलित करने का प्रावधान किया गया है।

किसानों को निबंधन के लिए या उसके नवीनीकरण के लिए किसी प्रकार का शुल्क जमा नहीं करना पड़ेगा। इसके विपरीत व्यापारिक प्रजनकों एवं सरकारी अनुसंधान संस्थानों को निबंधन एवं उसके नवीनीकरण के लिए रू.5000/- से रू.10,000/- का शुल्क जमा करना पड़ता है। किसानों का यह अधिकार भारत में अपने ढंग का एक अनूठा अधिकार है, क्योंकि अन्य बहुत सारे देशों में यह अधिकार सिर्फ व्यावसायिक प्रजनकों को ही प्राप्त है।

**पुरस्कार एवं सम्मान का कृषक अधिकार**

फसलों की विभिन्न प्रजातियों के सरंक्षण, संवर्धन एवं विकास में किसी एक किसान या ग्रामीण/ आदिवासी समुदाय द्वारा किए गए योगदान के एवज में उन्हें पुरष्कृत एवं सम्मानित करने के लिए एक राष्ट्रीय आनुवंश कोष की स्थापना की गयी है। यह प्रमाणित करने पर कि अमुक पारम्परिक प्रभेद या किसी फसल की जंगली प्रजाति के सरंक्षण में उनका योगदान रहा है, राष्ट्रीय आनुवंश कोष सबंधित

व्यक्ति या समुदाय को पुरस्कृत एवं सम्मानित करेगा। ऐसा प्रावधान पौधा प्रजातियों के सरंक्षण के उद्देश्य से किया गया है।

**लाभ में हिस्सेदारी का कृषक अधिकार**

जैसा कि सर्वविदित है, नवीन प्रभेदों के विकास में पारम्परिक या कृषक प्रभेदों का योगदान रहा है। अगर किसी नवीन प्रभेद, जिसकी माँग अधिक है तथा पी.बी.आर. अधिनियम के तहत जिसके उत्पादन एवं विपणन का अधिकार किसी व्यावसायिक प्रजनक के नाम है, कोई किसान या समुदाय यह प्रमाणित करता है कि उस प्रभेद के विकास में उनके किसी पारम्परिक प्रभेद का प्रयोग किया गया है, तो उसके लाभ में उनकी बराबर की हिस्सेदारी होगी। किसानों के इस अधिकार के आलोक में अधिनियम में यह प्रावधान किया गया है कि नए प्रभेदों के निबंधन में यह खुलासा किया जाए कि इनके विकास में तीन पैतृक प्रजातियों का व्यवहार किया गया है, उनका श्रोत क्या है। इसके साथ ही किसानों को यह अवसर प्रदान किया गया है कि अगर उनके किसी प्रभेद का व्यवहार हुआ है, तो वे लाभ में हिस्सेदारी के लिए अपना दावा प्रस्तुत कर सकते है। इस प्रकार का दावा प्राधिकार द्वारा प्रकाशित विज्ञापन के छः महीने के अन्दर किया जा सकता है। दावा मिलने के बाद प्राधिकार द्वारा यह तय किया जायेगा कि दावेदार हक पाने के योग्य है या नहीं और अगर योग्य है तो लाभ में उसकी कितनी हिस्सेदारी होगी। हिस्सेदारी तय हो जाने की स्थिति में नवीन प्रभेद के पी.बी.आर. धारक को तय राशि राष्ट्रीय आनुवंश कोष में जमा करना होगा जिसे कोष द्वारा सम्बंधित दावेदारों के बीच वितरित किया जाएगा।

**निबंधित नवीन प्रभेदों के व्यवहार से किसानों को हुई क्षति के लिए मुआवज़ा पाने का अधिकार**

पीपीवी एवं एफआर अधिनियम (2001) में पौधा प्रजातियों के निबंधन का मूल उद्देश्य यह है, कि उनके प्रजनकों को प्रभेदों के व्यवसाय का अनन्य अधिकार। किसी फसल प्रभेद की व्यावसायिक माँग निर्भर करती है उसके शस्य गुणों के सफल प्रदर्शन पर, जैसे उपज क्षमता, रोग व्याधि रोधी क्षमता, आदि। ऐसा अक्सर देखने में आता है कि बीज कंपनियां बिक्री बढ़ाने के लिए अपने बीजों के शस्य गुणों को बढ़ा-चढाकर बताते है। ऐसी स्थिति में किसानों को भारी क्षति उठानी पड़ती है। इस प्रकार की क्षति के लिए अधिनियम में किसानों को सम्बंधित कम्पनी/ प्रजनक से मुआवजा दिलाने का प्रावधान किया गया है। अत: बीज विक्रेताओं को सम्बंधित प्रभेद के शस्य गुणों का खुलासा करना होगा कि अमुक कृषि परिस्थिति में कितनी उपज होगी, आदि। किसानों द्वारा संदर्भित कृषि परिस्थिति में खेती करने पर अगर दावा किए गए शस्य गुण खरे नहीं उतरते है, तो उस प्रभेद के पी.बी.आर. धारक को आंकलित मुआवजा देना होगा। इस प्रकार के मुआवजे के लिए किसानों को अपना दावा पीपीवी एवं एफआर प्राधिकार के पास विहित प्रपत्र में करना होगा तथा यह सिद्द करना पड़ेगा कि अनुशासित कृषि परिस्थिति में तथा अनुशासित विधियों/ तकनीकों के प्रयोग के बावजूद सम्बंधित बीज के प्रयोग से पूर्व दावा के मुताबिक लाभ नहीं हुआ और अमुक राशि की अनुमानित क्षति हुई। चूंकि पीपीवी एवं एफआर अधिनियम इस मामले में पूर्ण स्पष्ट नहीं है, अत: एक व्यक्ति की जगह किसानों के समूह या समुदाय द्वारा इस प्रकार का दावा सिद्द करना आसान हो सकता है ।

**आधुनिक प्रभेदों के विकास में पारम्परिक प्रभेदों के गुप्त व्यवहार के एवज में क्षतिपूर्ति का कृषक अधिकार**

किसानों के अधिकार में यह बतलाया गया है कि नवीन प्रभेद का प्रजनक अगर यह खुलासा करता है कि उस प्रभेद के विकास में अमुक पैतृक प्रभेदों का व्यवहार किया गया है तो उस परिस्थिति में किसान आसानी से अपना दावा प्रस्तुत कर सकते है। मगर गुप्त रूप से अगर कोई व्यावसायिक प्रजनक किसानों के पारम्परिक प्रभेद का व्यवहार पैतृक पदार्थ के रूप में करता है, तब किसानों को अपना दावा पेश करने में कठिनाई होगी। ऐसी परिस्थिति में कोई तीसरा पक्ष जो कि कोई एक व्यक्ति हो सकता है या कोई सरकारी, गैर सरकारी या निजी संगठन, उस किसान या किसानों के समुदाय की ओर से क्षतिपूर्ति का दावा पेश कर सकता है। पीपीवी एवं एफआर प्राधिकार ऐसे दावे की जाँच कर क्षतिपूर्ति की राशि तय कर सम्बंधित प्रजनक को यह निर्देश देगा कि उस राशि को राष्ट्रीय अनुवंश कोष में जमा कर दे जो बाद में कोष द्वारा दावा पेश करने वाले पक्ष को दे दिया जाएगा। इसके लिए आवश्यक है कि तीसरे पक्ष की भूमिका अदा करने वालो के पास पौध-प्रजनन विज्ञान में पेशागत दक्षता हो।

**निबंधित प्रभेदों के बीज का कृषक अधिकार**

किसानों के अधिकारों से सम्बंधित इस अधिनियम का एक प्रमुख उद्देश्य यह है कि निबंधित विभिन्न प्रभेदों के बीज या पौधा सामग्री किसानों को उचित कीमत पर उपलब्ध हो सके, जिससे कि कृषि का तीव्र विकास हो। इस अधिनियम के तहत व्यावसायिक पौधा प्रजनकों को एक तरफ जहाँ उस प्रभेद के उत्पादन एवं विपणन का पूर्ण अधिकार दिया गया है, वही उन्हे यह जिम्मेवारी भी सौंपी गयी है कि उसके बीज या पौधा सामग्री को किसानों को उचित कीमत पर उपलब्ध कराएं। निबंधन के तीन वर्षो के बाद अगर सम्बंधित प्रजनक किसानों को उचित कीमत पर बीज उपलब्ध कराने में असमर्थ होता है तो किसानों को अधिकार है कि वे इसकी शिकायत पीपीवी एवं एफआर प्राधिकरण को करें। शिकायत की जाँच करने पर अगर यह बात सत्यापित होती है तो प्राधिकरण उस प्रभेद के उत्पादन व विपणन का अधिकार उससे वापस लेकर किसी तीसरे पक्ष को दे सकता है, जिससे कि वापस लेकर सम्बंधित प्रभेद का बीज या पौधा सामग्री किसानों को सही कीमत पर आसानी से सुलभ हो सके।

**मुफ्त सेवा प्राप्त करने हेतु कृषक अधिकार**

इस अधिनियम के तहत किसानों को अपने पारम्परिक प्रभेदों के निबंधन, उसके नवीनीकरण, उसके आंकलन, आदि के लिए किसी प्रकार का शुल्क नहीं देना पड़ता है। इसके अतिरिक्त किसी प्रकार का दावा या प्रतिवाद, आदि के लिए भी उन्हे सभी प्रकार के शुल्कों से मुक्त रखा गया है।

**निष्कपट उल्लंघन से बचाव हेतु कृषक अधिकार**

इस अधिनियम के अंतर्गत नियम-कानून के उल्लंघन के लिए उपयुक्त सजा या जुर्माने का प्रावधान है। इस प्रकार आज के परिप्रेक्ष्य में आई.पी.आर. की आवश्यकता और बढ़ गयी है तथा बौधिक सम्पदा के अधिकार सरंक्षण के लिए महत्वपूर्ण भी है। इसके प्रति हम सभी को समय-समय पर इससे सम्बंधित नई जानकारी प्राप्त कर जागरूक रहना चाहिए।

# 4. कृषक अधिकार तथा डी.यू.एस. परीक्षण

भारत एक कृषि प्रधान देश है, जिसकी आधे से ज्यादा आबादी अपने जीवन यापन के लिए कृषि पर निर्भर है। खाधान्न उत्पादन के परिप्रेक्ष्य में हमारा देश आत्ममनिर्भर है तथा हम विश्व के प्रमुख खाधान्न उत्पादक देशों में एक है। इस आत्मनिर्भरता के पीछे हरित क्रांति का महत्वपूर्ण योगदान रहा है, जिसके द्वारा हमारे देश में उन्नत एवं अधिक उत्पादन देने वाली प्रजातियों का प्रवेशन हुआ। एक तरफ हरित क्रांति के द्वारा हमने आत्मनिर्भरता प्राप्त की वहीं दूसरी तरफ नई उन्नत किस्मों के खेती में ज्यादा से ज्यादा उगाए जाने के कारण, सीमांत किसानो द्वारा उगाए जाने वाली जंगली प्रजातियां, किसानों की किस्में तथा स्थानीय प्रजातियों की उपेक्षा का सामना करना पड़ा। जिसके परिणामस्वरूप ऐसी प्रजातियों को वृहद रूप से क्षति हुई, तथा जैव विविधता को भी नुकसान हुआ है। जैव विविधता का सरंक्षण करना अति आवश्यक है, क्योंकि विशिष्ट लक्षण के किस्मों का विकास, फसल सुधार तथा उत्पादन बढ़ाने के लिए जैव विविधता आवश्यक है।

आनुवांशिक विविधता के ह्रास को रोकने तथा कृषि में सतत बढ़ोतरी बनाए रखने के लिए भारत सरकार द्वारा कई कदम उठाए गए है, जिनमे "पौधा किस्म और कृषक अधिकार सरंक्षण" अधिनियम-2001 एक एतिहासिक और महत्वपूर्ण कदम है। इस अधिनियम को वर्ष 2001 में भारतीय संसद द्वारा पारित किया गया था।

इस अधिनियम के कई दीर्घकालिक प्रभाव देखने को मिलते है, जिनमे बीज उद्योगों का फलना-फूलना, तथा किसानों को उच्च गुणवता के बीज उपलब्ध कराना प्रमुख है। साथ ही, इस अधिनियम के कार्यान्वयन से कृषि विकास को अपेक्षित गति मिलेगी तथा निजी पादप प्रजनन में उच्च अनुसंधान एवं विकास में निवेश के माध्यम से नवीन पौधा किस्मों के सृजन हेतु पादप प्रजनकों के हितों को भी सुरक्षा प्रदान हो सकेगी। उदाहरणस्वरूप, देश के गुजरात प्रांत के कच्छ क्षेत्र में प्राकृतिक रूप से उगे हुए खजूर के वृक्ष-ताल हैं, जिनमे पर्याप्त जैव-विविधता हैं, जिनसे पौधे चयनित कर फसल सुधार करने की काफी संभावनाएं है। इसके अतिरिक्त, किसानों के खेतों पर भी अच्छी फल गुणवत्ता वाले बीजू पौधे है जिनका चयन कर संग्रहण व संरक्षण करने की आवश्यकता है। साथ ही ऐसी उन्नत क़िस्मों के व्यावसायिक उपयोग होने की अवस्था में, संबंधित चयन व संरक्षण करने वाले कृषकों को भी चयनित/ विकसित प्रजातियों से होने वाले वाले लाभ में हिस्सेदारी मिलनी चाहिए। अत: उल्लेखित अधिनियम के माध्यम से नई किस्मों के विकास के लिए पादप आनुवांशिक संसाधनों को बचाने, उनमे सुधार लाने और उन्हे उपलब्ध कराने में किसानों के अधिकारों की रक्षा की जा सकेगी।

इसके अतिरिक्त, किसानों तथा उनके समुदाय को अपने बीजों या पौधा सामग्री को रखने, इस्तेमाल करने, बदलने, हिस्सेदारी करने तथा बेचने का अधिकार है। इस अधिनियम के अंतर्गत पादप प्रजनक एवं कृषकों द्वारा विकसित किस्मों के पंजीकृत कराने की भी व्यवस्था है ताकि उनके अधिकारों की रक्षा की जा सके, एवं विकसित प्रजाति के विपणन से होने वाले संभावित लाभ में उनकी साझेदारी सुनिश्चित की जा सके। इसी अधिनियम की अनुपलना हेतु, पौधा किस्म, प्रजनकों एवं कृषकों के

अधिकार सरंक्षण के लिए कृषि मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा "पौधा किस्म और कृषक अधिकार सरंक्षण प्राधिकरण" का गठन किया गया है।

इसके लिए संबंधित किस्म, जिसका पंजीकरण किया जाना है, की जांच कुछ मानकों के आधार पर की जाती है एवं उन्हीं संबंधित किस्मों को ही स्वीकार किया जाता है जो विशिष्ट (distinct), एकरूप (uniform) एवं स्थाई (stable), जिसे संक्षेप में डी.यू.एस. परीक्षण कहते है पर खरी उतरती हो। जाँच अथवा डी.यू.एस परीक्षण मुख्यत: पादप प्रजनकों को अधिकार दिलाने लिए सक्षम प्राधिकरण द्वारा वृद्दिशील परीक्षणों अथवा प्राधिकरण की ओर से कार्य करते हुए सार्वजनिक अनुसंधान संस्था जैसे पृथक संस्थानों द्वारा या कुछ मामलों में प्रजनकों द्वारा किए गए वृद्दिशील परीक्षणों पर आधारित होता है।

इस परीक्षण के मापदण्ड, एक अनुभवी कार्यदल जिसमें विशेषज्ञ एवं कुशल परामर्शदाता होते है एवं जो कि पौधा किस्म और कृषक अधिकार सरंक्षण प्राधिकरण द्वारा गठित होता है, के द्वारा सुनिश्चित किए जाते है।

प्रजनकों, बीज तथा पौधा उद्योग के अनुभव एवं ज्ञान को ध्यान में रखते हुए तथा गहन परामर्श एवं वार्ताओं के उपरांत उक्त सामान्य दिशा-निर्देशों का मसौदा तैयार किया जाता है। विभिन्न फसल किस्मों के संबंधित गुणों (जैसे पौधे की ऊँचाई, आकृति, बाह्य आकार, पत्ती का आकार, फलों एवं फूलों की आकृति, आकार एवं रंग तथा अन्य विशिष्ट गुण जिनके द्वारा संबंधित किस्म परीक्षण के मानदंडों को पूरा करती है) का उपयोग करते हुए, परीक्षण द्वारा संबंधित प्रजाति का विवरण (डेटाबेस) तैयार करते है तथा इसी आधार पर विकसित किस्म का पंजीकरण करते है। कृषक अपने द्वारा विकसित किस्मों का पंजीकरण के लिए प्रपत्र भरकर सीधे प्राधिकरण में आवेदन कर सकते है।

इसके अतिरिक्त, आवेदक को उम्मीदवार किस्म की डी.यू.एस. परीक्षण के संचालन के लिए, प्राधिकरण द्वारा विभिन्न फसलों के लिए, निर्धारित परीक्षण शुल्क जमा करना होगा। इन फसलों को भारतीय पौधा किस्म जरनल (the Plant Variety Journal of India) में अधिसूचित किया गया है जो कि निम्नवत हैं:

| **फल** | **सब्जी** | **अलंकृत पौधे** | **बागान फसलें** | **मसाले** | **औषधीय एवं सगंधीय पौधे** |
|---|---|---|---|---|---|
| आम | मटर | गुलदाऊदी | छोटी इलायची | हल्दी | ब्राह्मी |
| बादाम | राजमा | गुलाब | काली मिर्च | अदरक | इसबगोल |
| सेब | भिंडी | दमस्क गुलाब | नारियल | धनिया | मेन्थॉल |
| खुबानी | टमाटर | आर्किड्स | चाय | मेथी | टक्सोल |
| बेर | बैंगन | बोगनविलिया | कॉफी | जायफल | सदाबहार |
| चेरी | पत्ता गोभी | ग्लैडिओलस | कोको | | कालमेघ |
| अंगूर | फूल गोभी | वैजयंती | | | नीम |
| नाशपाती | प्याज व लहसुन | करनेशन | | | |
| अनार | करेला | जरबेरा | | | |

| | | |
|---|---|---|
| अखरोट | लौकी | केना |
| नींबू | खीरा | |
| नारंगी व संतरा | कद्दू | |
| खजूर | तोरई | |
| केला | तरबूज व | |
| अंगूर | खरबूजा | |
| बेल | गाजर व मूली | |
| जामुन | ग्वार फली | |
| अमरुद | सेम फली | |
| लीची | चवला फली | |
| कटहल | आलू | |
| इमली | शकरकन्द | |
| शहतूत | सूरन | |
| अखरोट | परवल | |
| | सहजन | |
| | पेठा | |
| | कुंदरू | |

कुछ प्रमुख फसलों के लिए अधिसूचित डी.यू.एस. परीक्षण शुल्क इस प्रकार है:

| **बागवानी फसल** | **डी.यू.एस. परीक्षण शुल्क** |
|---|---|
| **फल** | |
| बेल, जामुन, सीताफल, | 10000 |
| केला, नींबू, नारंगी, पपीता, मौसम्बी, आंवला, अमरूद, लीची, शहतूत,चिरोंजी, इमली, | 20000 |
| आम, सुपारी, काजू, खजूर | 30000 |
| स्ट्रॉबेरी | 45000 |
| बादाम, सेब, खुबानी, चेरी, अंगूर, बेर, जपानीज़ आलूबुखारा, आड़ू, नाशपाती, अनार, अखरोट, | 50000 |
| **सब्जी** | |
| जिमीकंद, बकला फली, शकरकंद, कसावा (युका) | - |
| मटर, सब्जी वाली चौलाई, चकुन्दर, गाजर, अजमोदा, | 20000 |
| धारीदार तोरई, मूली, तरबूज, सहजन, ग्वार फली, | 30000 |
